# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 09.04.2025

# प्रकाशनार्थ

**दिनांक 09.04.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग में बी.ए. भाग तीन (षष्ठम सेमेस्टर) के विद्यार्थियों द्वारा 'पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन' प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुतीकरण में कुल 58 विद्यार्थियों ने सहभाग किया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. अंशुमान सिंह, सहायक आचार्य, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग, मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटपार रानी, देवरिया ने विद्यार्थियों के प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए कहा कि** विद्यार्थियों ने आतंकवाद, नक्सलवाद, पूर्वोत्तर में उग्रवाद तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर बहुत ही प्रभावशाली तथा ज्ञानवर्धक प्रस्तुतीकरण किया। इससे विद्यार्थियों में न केवल विषय की सूक्ष्म ज्ञान होता है अपितु उनके व्यक्तित्व विकास में भी बहुत ही सहायक होता है।

**कार्यक्रम में दूसरे विशेषज्ञ के रूप में शामिल डॉ. जितेंद्र कुमार वर्मा, सहायक आचार्य, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग, श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया ने विद्यार्थियों के प्रस्तुतीकरण को** सराहा तथा कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है इससे विद्यार्थी में भाषण, बातचीत तथा तथ्यों के विश्लेषण पर उनके प्रस्तुतीकरण की क्षमता का विकास होता है।

इसी कार्यक्रम के दूसरे सत्र में महाविद्यालय के संस्थागत नवाचार प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित नवाचार प्रदर्शनी 2025 में प्रतिभाग किए हुए विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण भी किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर दीपक विश्वकर्मा एवं समूह बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया जिन्होंने ''एयर डिफेंस सिस्टम'' पर अपना मॉडल प्रस्तुत किया था। द्वितीय स्थान बी.सी.ए. षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के समूह अभय साहनी द्वारा प्राप्त किया गया। जिन्होंने ''मोशन डिटेक्शन कैमरा फॉर सिक्योरिटी'' पर अपना मॉडल प्रस्तुत किया था, वहीं तृतीय स्थान बी.एस–सी. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के समूह प्रफुल्ल त्रिपाठी को प्राप्त हुआ जिन्होंने ''फायर कंट्रोल सिस्टम'' पर अपना मॉडल प्रस्तुत किया था।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ) ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** ''पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन'' तथा ''नवाचार प्रदर्शनी'' जैसे कार्यक्रम किसी भी महाविद्यालय की गुणवत्ता बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को नए तरीके से अधिगम हेतु प्रेरित करता है इसमें न केवल नवीन उपकरण एवं विचार का विकास होता है अपितु विद्यार्थियों के उधमशीलता को बढ़ावा मिलता है साथ ही सभी को शुभकामना देते हुए उन्हें नए प्रतिमान स्थापित करने और नए अन्वेषणों के लिए प्रेरित किया।

**उक्त कार्यक्रम का संचालन रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ राम प्रसाद यादव ने तथा आभार ज्ञापन डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम में आई.क्यू.ए.सी के समन्वयक प्रो. परीक्षित सिंह तथा संस्थागत नवाचार प्रकोष्ठ के सदस्य श्री धीरज सिंह, डॉ. पवन पाण्डेय, डॉ. सुभाष गुप्ता, डॉ. शैलेश सिंह सहित श्री विकास कुमार पाठक एवं विभाग के परिचर श्री राजकुमार उपस्थित रहें।**

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क